मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-49**
10/02/2022

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास उपलब्ध कराने से संबंधित समीक्षा बैठक की

मुख्य बिन्दु :–

- हमलोगों का उद्देश्य है कि शहरों में रह रहे सभी बेघर गरीब भूमिहीनों को अपना घर मिल सके।

- सात निश्चय–2 के अंतर्गत शहरों में रह रहे बेघर गरीब भूमिहीनों के आवासन के लिए बहुमंजिला भवन निर्माण की योजना बनायी गई है।

- नगर विकास एवं आवास विभाग बहुमंजिला भवन निर्माण को लेकर कार्ययोजना पर तेजी से काम करे।

पटना, 10 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास से संबंधित समीक्षा बैठक की।

बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास उपलब्ध कराये जाने के संबंध में कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय–2 के अंतर्गत शहरों में रह रहे बेघर गरीब भूमिहीनों के आवासन के लिए हमलोगों ने बहुमंजिला भवन निर्माण की योजना बनायी है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग बहुमंजिला भवन निर्माण को लेकर कार्ययोजना पर तेजी से काम करे। बहुमंजिला भवन निर्माण हेतु स्थलों का चयन कर निर्माण कार्य योजनाबद्ध ढंग से जल्द शुरु करें। योग्य लाभुकों का ठीक से सर्वे करायें ताकि कोई भी वंचित नहीं रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि शहरों में रह रहे सभी बेघर गरीब भूमिहीनों को अपना घर मिल सके। अपना घर होने से उन्हें काफी खुशी होगी और सुकून मिलेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव वित्त सह सामान्य प्रशासन विभाग श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री

तारकिशोर प्रसाद, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री आनंद किशोर जुड़े हुए थे।

******